INDIAN SCHOOL MUSCAT
PRIMARY SECTION
STD : IV

कविता - प्रकृति की सुषमा

<u>प्रश्नोत्तर -</u>

क) आकाश में सूर्य के निकलने पर क्या होता है ?

उ. आकाश में सूर्य के निकलने पर अँधियारा दूर हो जाता है ।

ख) फूल के खिलने से क्या होता है ?

उ. फूल के खिलने से प्रकृति के सुंदर रंग झलकने लगते हैं ।

ग) ईश्वर ने संसार को कैसे सजाया है ?

उ. ईश्वर ने सूरज ,चंद्रमा ,तारे ,नदियाँ ,झरने और पर्वतों से संसार को सजाया है ।

घ) इंद्रधनुष में कितने रंग होते हैं ,उनके नाम लिखिए ?

उ. इंद्रधनुष में सात रंग होते हैं।उनके नाम हैं -बैंगनी,आसमानी,नीला, हरा ,पीला ,नारंगी और लाल।

ङ) चंद्रमा के आने से आकाश का रुप कैसा होता है ?

उ. चंद्रमा के आने से आकाश का रुप बहुत सुंदर और अनोखा हो जाता है। आसमान नीले, पीले तारों से सज जाता है ।